दूरभाष : 01472–240217, 248066, 248695
Email : sschittor@gmail.com
Web site: www.sschittorgarh.com

सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़
भीलवाड़ा रोड़
चित्तौड़गढ़
राजस्थान 312021

क्रमांक: एस.एस.सी / 114 / लेखा / 2021–22

15 अप्रैल 21

प्रिय अभिभावक,

**शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए विद्यालय शुल्क हेतु अभिभावकों के लिए दिशानिर्देश**
**(पूर्व में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए)**

1. विद्यालय लेखा जोखा को ध्यान में रखकर वित्तीय वर्ष 2021–22 जो कि 01 मई 2021 से शुरू होने जा रहा है, सभी अभिभावकों द्वारा नियमानुसार विद्यालय फीस का अग्रिम भुगतान करना अनिवार्य है । इस सन्दर्भ में दोषी पाये जाने पर विद्यार्थी का नाम विद्यालय से हटा दिया जायेगा तथा छात्र को उसके अभिभावक की जवाबदेही पर घर भेज दिया जायेगा । अभिभावकों द्वारा देय फीस का ब्यौरा निम्नानुसार है :–

| **क्रमांक** | **मद** | **लगभग राशि (₹)** |
|---|---|---|
| (क) | शिक्षण शुल्क (Tuition Fee) | 79,860.00 |
| (ख) | भोजन या खान पान पर व्यय (100 रूपये प्रति दिन की दर से 295 दिन का) (Dietary Charges) | 29,500.00 |
| (ग) * | परिधान शुल्क (Clothing Charges) | 750.00 |
| (घ) * | धुलाई व्यय (Washing Charges) | 2,000.00 |
| (ङ) * | पाढ्य पुस्तक एवं लेखन संबंधी अग्रिम व्यय | 6,890.00 |
| (च) * | पॉकेट मनी या जेब खर्च | 3,000.00 |
| (छ) * | विविध खर्च / आकस्मिक खर्च (सैन्य दल के लिए खर्च, यात्रा खर्च, रेल / बस किराया, चिकित्सकीय व्यय, अतिरिक्त परिधान खर्च, खेल हेतु अतिरिक्त उपकरण खर्च, टेलीफोन खर्च, सिनेमा, कैंटीन सामग्री, पाढ्य पुस्तक संबंधी (स्टेशनरी) खर्च, हेयर कटिंग (बाल कटवाना), सिलाई, बीमा शुल्क, पीटी जूते, क्षतिपूर्ति, यूपीएससी / सीबीएससी (UPSC/CBSC) परीक्षा शुल्क, पंजीकरण, स्थानांतरण, पिकनिक, इत्यादि और आकस्मिक होने वाली घटना संबंधी खर्च) । | 8,000.00 |
| | **सभी शुल्क अभिभावक द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में अग्रिम जमा करना अनिवार्य है ।** | **1,30,000.00** |

* उपरोक्त शुल्क विद्यार्थियों से व्यक्तिगत तौर पर खर्चों से संबंधित है तथा इसका वास्तविक खर्चा ही अभिभावकों द्वारा वहन किया जायेगा ।

लगातार ............02

SAINIK SCHOOL ACCOUNTS CHITTORGARH

**कोरोना महामारी के चलते कृपया केवल शिक्षण शुल्क रूपये ₹ 79,860 /– (अक्षरे उनासी हजार आठ सौ साठ रूपये मात्र) विद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करायें ।**

2. <u>देय शुल्क जमा करने की वैकल्पिक व्यवस्था (तरीके)</u> :–

(क) विकल्प 1 : ₹ 1,30,000.00 रूपये की एकमुश्त देय राशि दिनांक 10 मई 2021 तक ।

(ख) विकल्प 2 : किश्तों में

(i) पहली किश्त ₹ 1,00,000.00 रूपये 10 मई 2021 तक ।

(ii) दूसरी किश्त ₹ 30,000.00 रूपये 10 जुलाई 2021 तक ।

**नोट** :– वित्तीय वर्ष 2020–21 की जमा/नामें (अन्तिम शेष) फीस राशि तथा प्राप्त छात्रवृति राशि द्वितीय अर्थात् अंतिम किश्त जो कि 10 जुलाई 2021 तक देय है, में समायोजित की जायेगी ।

3. विद्यालय फीस का भुगतान केवल **"ऑनलाइन भुगतान"** द्वारा ही स्वीकार्य है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

(क) **विद्यालय फीस का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम "स्टेट बैंक कलेक्ट" से ही स्वीकार्य होगा ।** अभिभावक/छात्रगण फीस का भुगतान विद्यालय की वेबसाइट www.sschittorgarh.com पर उपलब्ध "स्टेट बैक कलेक्ट" के माध्यम से कर सकते है । इसके लिए सीधा लिंक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है ।

(ख) फीस भुगतान के विकल्प के तौर पर अभिभावक/छात्रगण भारतीय स्टेट बैंक की वेबसाइट www.onlinesbi.com पर उपलब्ध "एस बी आई कलेक्ट" विकल्प को चुनकर अभिभावक/छात्रगण को राजस्थान स्टेट को सेलेक्ट (चयन) करना होगा तथा इंस्टीट्यूट (संस्थान) की जगह एजूकेशनल इंस्टीट्यूट टाइप करना होगा, उसके बाद अगली स्क्रिन या पेज पर इंस्टीट्यूट का नाम "प्रिंसिपल सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़" सेलेक्ट करना होगा ।
<u>**सभी अभिभावकों से निवेदन है कि फीस भुगतान की प्रक्रिया के दौरान पूछे गये विवरण जैसे – विद्यालय क्रमांक, विद्यालय का नाम, पिताजी का नाम इत्यादि सही से भरा जाये ।**</u>

4. **सभी अभिभावकों से निवेदन है कि वे अपनी आयनुसार छात्रवृति सम्बंधित दस्तावेज दिनांक 31 मई 2021 तक विद्यालय को आवश्यक रूप से जमा कराये । यदि** अभिभावक आय शपथ पत्र दिनांक 10 जुलाई 2021 तक जमा करने में असमर्थ होते है तो उन विद्यार्थियों को "Full Payee Cadet" (पुर्णशुल्क देने वाला) माना जायेगा । **किसी भी परिस्थिति में निर्धारित तिथि 31 मई 2021 को आगे नहीं बढ़ाया जायेगा ।**

लगातार ............03

<u>**कोरोना महामारी के चलते कृपया केवल शिक्षण शुल्क रूपये ₹ 79,860/– (अक्षरे उनासी हजार आठ सौ साठ रूपये मात्र) विद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करायें ।**</u>

SAINIK SCHOOL ACCOUNTS CHITTORGARH

नोट :– (क) बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, सैनिक स्कूल्स सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सभी छात्रों (छात्रवृति धारकों को मिलाकर) की फीस का अग्रिम (एडवांस) भुगतान आय समूहों / छात्रवृति वर्गों को नजरअंदाज करते हुए करना अनिवार्य है ।

(ख) सभी अभिभावकों को सत्र की शुरूआत अर्थात् **10 मई 2021** तक अग्रिम फीस (Fee in advance) का भुगतान करना अनिवार्य होगा ।

(ग) यदि कोई विद्यार्थी अपने अभिभावक की सहमति तथा इच्छानुसार विद्यालय छोड़ना चाहता है तो उसे निर्धारित शुल्क तथा पिछली सम्पूर्ण छात्रवृति राशि का भुगतान करना होगा । 30 सितम्बर के बाद विद्यालय छोड़ने पर नियमानुसार सम्पूर्ण वर्ष की फीस तथा पिछली सम्पूर्ण छात्रवृति राशि का भुगतान करना होगा ।

(घ) वित्तीय वर्ष 2020–21 के अंत तक सब्सिडी (रियायत) / छात्रवृति या पॉकेटमनी संबंधित शेष धन राशि को अगले सत्र 2021–22 की विद्यालय शुल्क में समायोजित किया जायेगा । इसी तरह वित्तीय वर्ष 2020–21 के अंत तक किसी भी तरह की शेष राशि का भुगतान सत्र 2021–22 में 01 मई 2021 तक करना होगा । इस संदर्भ में वित्तीय वर्ष 2020–21 का लेखा जोखा (Personal A/c details) का ब्यौरा सभी अभिभावकों को अग्रेसित कर दिया जायेगा ।

(ङ) बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, सैनिक स्कूल सोसाइटी को विद्यालय फीस (शिक्षण शुल्क व आहार व्यय को मिलाकर) को समय–समय पर संशोधन करने का अधिकार प्राप्त है । विद्यालय फीस में किसी भी तरह की वृद्धि को अभिभावकों द्वारा वहन किया जायेगा।

(च) अधिक सूचना / जानकारी के लिये कृपया हाउस मास्टर / विद्यालय प्रशासन से सम्पर्क करें ।

**कोरोना महामारी के चलते कृपया केवल शिक्षण शुल्क रूपये ₹79,860/– (अक्षरे उनासी हजार आठ सौ साठ रूपये मात्र) विद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करायें ।**

SAINIK SCHOOL ACCOUNTS CHITTORGARH

J. P. Chiplunkar

(जयेन्द्र पद्माकर चिपलूनकर)
कप्तान (भारतीय नौसेना)
प्राचार्य